**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**दिनांक-09.01.2025** **समय-7.10एएम**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

ऽ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का करेंगे औपचारिक उद्घाटन।

ऽ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज प्रदेश के दौरे पर, इंदौर में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा।

ऽ स्कूल शिक्षा विभाग का सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूंज कल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ।

और

ऽ पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं से ठिठुरा प्रदेश, पचमढ़ी, राजगढ़ और सीहोर सबसे ठन्डे।

अब समाचार विस्तार सेः-

पीएम- प्रवासी भारतीय दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर के जनता मैदान में आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन ओडिशा सरकार के सहयोग से भारत सरकार ने आठ से दस जनवरी तक भुवनेश्वर में किया है। यह सम्मेलन भारतीय मूल के लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने का एक मंच प्रदान करता है। इस सम्मेलन का विषय है- विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान"। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति विभिन्न क्षेत्रों में प्रवासी भारतीयों को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान करेंगी।

गडकरी दौरा- मध्य प्रदेश

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज एक दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आ रहे हैं। श्री गडकरी इंदौर में राज्य में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे।

इंदौर डिजिटलीकरण

इंदौर नगर निगम के डॉक्यूमेंट के डिजिटलीकरण कार्य का महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शुभारम्भ किया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम इंदौर द्वारा नागरिको की रोजमर्रा की चुनौती के समाधान डिजिटली करण के माध्यम से किया जावेगा, इसके लिये हमारे द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हमारा संकल्प था, ग्रीन इंदौर, क्लीन इंदौर के साथ ही डिजिटल इंदौर इसे हमने आज पुरा किया है, साथ ही नगर निगम के 90 लाख से अधिक दस्तावेजो की सुरक्षा को देखते हुए, उसको स्केन कर सुरक्षित करने का कार्य किया है।

उपभोक्ता पुरस्कार

प्रदेश में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

राज्य स्तरीय पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार एक लाख 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपये का दिया जायेगा। वहीँ, संभाग स्तरीय पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये का दिया जायेगा। ये पुरस्कार 15 मार्च को 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' पर दिए जाएंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

इंदौर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के 2625 मतदान केन्द्रों पर 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का समारोहपूर्वक का आयोजन सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा।

महाकुंभ-गजेंद्र सिंह शेखावत

महाकुंभ भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक बहुत ही खास अवसर है। यहां आने वाले लोग भारत की सांस्कृतिक विविधता के साक्षी बनेंगे। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में कलाग्राम केंद्र की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह बात कही। श्री शेखावत ने कहा कि 45 दिनों के इस महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक लोग आएंगे और भारत की अनूठी संस्कृति को देखेंगे।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के दो विशेष गीतों का लोकार्पण किया। इस गीत को रतन प्रसन्ना ने गाया है और संगीत संतोष नाहर और रतन प्रसन्ना का है। वहीँ, दूरदर्शन द्वारा निर्मित थीम गीत "महाकुंभ है" को पद्मश्री कैलाश खेर ने गाया है।

अनुगूँज 2024-25

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूल शिक्षा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम "अनुगूंज 2024-25" का कल शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में होगा। अनुगूँज के प्रथम भाग 'धनक' के अंतर्गत गायन-वादन के साथ ही भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य मोहनीअट्टम, भरतनाट्यम, ओडिसी और कथक नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुतियॉं होगी। वहीं कार्यक्रम के द्वितीय भाग 'रंगकार' में प्रसिद्ध नाटक "चरन दास चोर" का मंचन विद्यार्थियों द्वारा किया जायेगा।

अनुगूंज समारोह, स्कूल शिक्षा विभाग का एक रचनात्मक प्रयास है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ उनके रचनात्मक और सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। राज्य स्तरीय आयोजन में राजधानी भोपाल की शासकीय शालाओं के लगभग 600 विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

दिव्यांग बच्चे जॉय-राइड

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की पहल पर जबलपुर के 5 दिव्यांग बच्चे जॉय-राइड पर जबलपुर से फ्लाईट से इंदौर पहुंचे हैं। इन बच्चों को जबलपुर एयरपोर्ट पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने हवाई टिकिट प्रदान कर रवाना किया। ये सभी बच्चे इंदौर के राजवाड़ा और चिड़िया घर का भ्रमण करेंगे, 56 दुकान के पकवानों का जायका लेंगे और खजराना गणेश मंदिर में दर्शन करेंगे। हवाई यात्रा में आने-जाने के दौरान इन बच्चों का ध्यान रखने के लिये 2 शिक्षक, 2 अभिभावक और 2 सहयोगी सदस्य हैं।

मौसम

पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा ने प्रदेश को ठिठुरा दिया है। सीजन में पहली बार पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान शून्य दशमलव दो डिग्री पहुंच गया। वहीं, राजगढ़ में पारा 1 दशमलव 6 डिग्री, सीहोर में 2 दशमलव 7 डिग्री और भोपाल में 3 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में यह जनवरी में 90 साल का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार पचमढ़ी देश में श्रीनगर के बाद दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। वहीँ, भोपाल देश के पहाड़ी और मैदानी इलाकों के शहरों में 13वां सबसे ठंडा शहर रहा। प्रदेश में चार दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की सम्भावना है।

ऽ सतना में हृदय रोग से पीडित बच्चों की जॉच करने के लिए शिविर का आयोजन कल जीएनएम नर्सिंग कॉलेज धवारी में किया जायेगा।

ऽ डिंडौरी जिले के लिए 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जुलाई को नागपंचमी और 30 सितंबर को दुर्गाष्टमी के दिन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

ऽ मंडला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में परवाह थीम के तहत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

ऽ भिंड जिले के गोहद में केशव पार्क में आज से 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह पांच दिवसीय आयोजन 13 जनवरी तक चलेगा।

ऽ पन्ना में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जिले में शीतलहर के दौरान पशुओं और गौवंश की सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियों के निर्देश जारी किए गए हैं।

ऽ आगरमालवा में नेहरू युवा केंद्र द्वारा सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में आयोजित हुई विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई।

झाबुआ में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय थांदला में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को ट्रैफिक रूल्स के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

-------------

**न्यूज फॉर हिन्दी वैब -**

(1) गडकरी दौरा- मध्य प्रदेश

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज एक दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आ रहे हैं। श्री गडकरी इंदौर में राज्य में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे।

(2) इंदौर - डिजिटलीकरण

इंदौर नगर निगम के डॉक्यूमेंट के डिजिटलीकरण कार्य का महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शुभारम्भ किया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम इंदौर द्वारा नागरिको की रोजमर्रा की चुनौती के समाधान डिजिटली करण के माध्यम से किया जावेगा, इसके लिये हमारे द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हमारा संकल्प था, ग्रीन इंदौर, क्लीन इंदौर के साथ ही डिजिटल इंदौर इसे हमने आज पुरा किया है, साथ ही नगर निगम के 90 लाख से अधिक दस्तावेजो की सुरक्षा को देखते हुए, उसको स्केन कर सुरक्षित करने का कार्य किया है।

(3) उपभोक्ता पुरस्कार

प्रदेश में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

राज्य स्तरीय पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार एक लाख 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपये का दिया जायेगा। वहीँ, संभाग स्तरीय पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये का दिया जायेगा। ये पुरस्कार 15 मार्च को 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' पर दिए जाएंगे।

(4) इंदौर - राष्ट्रीय मतदाता दिवस

इंदौर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के 2625 मतदान केन्द्रों पर 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का समारोहपूर्वक का आयोजन सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा।

(5) अनुगूँज 2024-25

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूल शिक्षा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम “अनुगूंज 2024-25“ का कल शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में होगा। अनुगूँज के प्रथम भाग 'धनक' के अंतर्गत गायन-वादन के साथ ही भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य मोहनीअट्टम, भरतनाट्यम, ओडिसी और कथक नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुतियॉ होगी। वहीं कार्यक्रम के द्वितीय भाग 'रंगकार' में प्रसिद्ध नाटक “चरन दास चोर“ का मंचन विद्यार्थियों द्वारा किया जायेगा।

अनुगूंज समारोह, स्कूल शिक्षा विभाग का एक रचनात्मक प्रयास है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ उनके रचनात्मक और सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। राज्य स्तरीय आयोजन में राजधानी भोपाल की शासकीय शालाओं के लगभग 600 विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

(6) दिव्यांग बच्चे जॉय-राइड

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की पहल पर जबलपुर के 5 दिव्यांग बच्चे जॉय-राइड पर जबलपुर से फ्लाईट से इंदौर पहुंचे हैं। इन बच्चों को जबलपुर एयरपोर्ट पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने हवाई टिकिट प्रदान कर रवाना किया। ये सभी बच्चे इंदौर के राजवाड़ा और चिड़िया घर का भ्रमण करेंगे, 56 दुकान के पकवानों का जायका लेंगे और

खजराना गणेश मंदिर में दर्शन करेंगे। हवाई यात्रा में आने-जाने के दौरान इन बच्चों का ध्यान रखने के लिये 2 शिक्षक, 2 अभिभावक और 2 सहयोगी सदस्य हैं।

(7) मौसम

पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा ने प्रदेश को ठिठुरा दिया है। सीजन में पहली बार पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान शून्य दशमलव दो डिग्री पहुंच गया। वहीं, राजगढ़ में पारा 1 दशमलव 6 डिग्री, सीहोर में 2 दशमलव 7 डिग्री और भोपाल में 3 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में यह जनवरी में 90 साल का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार पचमढ़ी देश में श्रीनगर के बाद दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। वहीँ, भोपाल देश के पहाड़ी और मैदानी इलाकों के शहरों में 13वां सबसे ठंडा शहर रहा। प्रदेश में चार दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की सम्भावना है।

-----------------------------------

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का करेंगे औपचारिक उद्घाटन।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज प्रदेश के दौरे पर, इंदौर में विभिन्न सड़क परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा।
- स्कूल शिक्षा विभाग का सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूंज कल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे शुभारंभ।
  **और**
- पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं से ठिठुरा प्रदेश, पचमढ़ी, राजगढ़ और सीहोर सबसे ठन्डे।

**समाचार विस्तार से:–**

**पीएम– प्रवासी भारतीय दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भुवनेश्वर के जनता मैदान में आज 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन ओडिशा सरकार के सहयोग से भारत सरकार ने आठ से दस जनवरी तक भुवनेश्वर में किया है। यह सम्मेलन भारतीय मूल के लोगों को एक–दूसरे से जुड़ने का एक मंच प्रदान करता है। इस सम्मेलन का विषय है– विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान"। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति विभिन्न क्षेत्रों में प्रवासी भारतीयों को उनकी उपलब्धियों के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान करेंगी।

**गडकरी दौरा**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज एक दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आ रहे हैं। श्री गडकरी इंदौर में राज्य में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे।

**इंदौर डिजिटलीकरण**

इंदौर नगर निगम के डॉक्यूमेंट के डिजिटलीकरण कार्य का महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा शुभारम्भ किया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम इंदौर द्वारा नागरिको की रोजमर्रा की चुनौती के समाधान डिजिटली करण के माध्यम से किया जावेगा, इसके लिये हमारे द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हमारा संकल्प था, ग्रीन इंदौर, क्लीन इंदौर के साथ ही डिजिटल इंदौर इसे हमने आज पुरा किया है, साथ ही नगर निगम के 90 लाख से अधिक दस्तावेजो की सुरक्षा को देखते हुए, उसको स्केन कर सुरक्षित करने का कार्य किया है।

**उपभोक्ता पुरस्कार**

प्रदेश में उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों, व्यक्तियों एवं छात्र–छात्राओं को राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

राज्य स्तरीय पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार एक लाख 11 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 25 हजार रूपये का दिया जायेगा। वहीं, संभाग स्तरीय पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार 21 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 5 हजार रूपये का दिया जायेगा। ये पुरस्कार 15 मार्च को 'विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस' पर दिए जाएंगे।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

इंदौर जिले के मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये जिला स्तर एवं मतदान केन्द्र स्तर पर 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि जिले की सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के 2625 मतदान केन्द्रों पर 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का समारोहपूर्वक का आयोजन सुबह 11 बजे से आयोजित किया जायेगा।

**महाकुंभ–गजेंद्र सिंह शेखावत**

महाकुंभ भारत की समृद्ध संस्कृति को प्रदर्शित करने का एक बहुत ही खास अवसर है। यहां आने वाले लोग भारत की सांस्कृतिक विविधता के साक्षी बनेंगे। केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में कलाग्राम केंद्र की तैयारियों की समीक्षा करते हुए यह बात कही। श्री शेखावत ने कहा कि 45 दिनों के इस महाकुंभ में 45 करोड़ से अधिक लोग आएंगे और भारत की अनूठी संस्कृति को देखेंगे।

**बाइट– गजेंद्र सिंह शेखावत**

**आकाशवाणी–डीडी गीत**

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में महाकुंभ को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन के दो विशेष गीतों का लोकार्पण किया। इस गीत को रतन प्रसन्ना ने गाया है और संगीत संतोष नाहर और रतन प्रसन्ना का है। वहीं, दूरदर्शन द्वारा निर्मित थीम गीत "महाकुंभ है" को पद्मश्री कैलाश खेर ने गाया है।

**गीत...........**

**अनुगूँज 2024–25**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूल शिक्षा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम "अनुगूंज 2024–25" का कल शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में होगा। अनुगूँज के प्रथम भाग 'धनक' के अंतर्गत गायन–वादन के साथ ही भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य मोहनीअट्टम, भरतनाट्यम, ओडिसी और कथक नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुतियाँ होगी। वहीं कार्यक्रम के द्वितीय भाग 'रंगकार' में प्रसिद्ध नाटक "चरन दास चोर" का मंचन विद्यार्थियों द्वारा किया जायेगा।

अनुगूंज समारोह, स्कूल शिक्षा विभाग का एक रचनात्मक प्रयास है, जो विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ उनके रचनात्मक और सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। राज्य स्तरीय आयोजन में राजधानी भोपाल की शासकीय शालाओं के लगभग 600 विद्यार्थी सहभागिता करेंगे।

**दिव्यांग बच्चे जॉय–राइड**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की पहल पर जबलपुर के 5 दिव्यांग बच्चे जॉय–राइड पर जबलपुर से फ्लाईट से इंदौर पहुंचे हैं। इन बच्चों को जबलपुर एयरपोर्ट पर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत ने हवाई टिकिट प्रदान कर रवाना किया। ये सभी बच्चे इंदौर के राजवाड़ा और चिड़िया घर का भ्रमण करेंगे, 56 दुकान के पकवानों का जायका लेंगे और खजराना गणेश मंदिर में दर्शन करेंगे। हवाई यात्रा में आने–जाने के दौरान इन बच्चों का ध्यान रखने के लिये 2 शिक्षक, 2 अभिभावक और 2 सहयोगी सदस्य हैं।

**मौसम**

पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवा ने प्रदेश को ठिठुरा दिया है। सीजन में पहली बार पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान शून्य दशमलव दो डिग्री पहुंच गया। वहीं, राजगढ़ में पारा 1 दशमलव 6 डिग्री, सीहोर में 2 दशमलव 7 डिग्री और भोपाल में 3 दशमलव 6 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में यह जनवरी में 90 साल का सबसे कम

तापमान है। मौसम विभाग के अनुसार पचमढ़ी देश में श्रीनगर के बाद दूसरा सबसे ठंडा शहर रहा। वहीँ, भोपाल देश के पहाड़ी और मैदानी इलाकों के शहरों में 13वां सबसे ठंडा शहर रहा। प्रदेश में चार दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की सम्भावना है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- सतना में हृदय रोग से पीडित बच्चों की जॉच करने के लिए शिविर का आयोजन कल जीएनएम नर्सिंग कॉलेज धवारी में किया जायेगा।
- डिंडौरी जिले के लिए 14 जनवरी को मकर संक्रांति, 29 जुलाई को नागपंचमी और 30 सितंबर को दुर्गाष्टमी के दिन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।
- मंडला पुलिस द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में परवाह थीम के तहत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।
- भिंड जिले के गोहद में केशव पार्क में आज से 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह पांच दिवसीय आयोजन 13 जनवरी तक चलेगा।
- पन्ना में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जिले में शीतलहर के दौरान पशुओं और गौवंश की सुरक्षा के लिए आवश्यक तैयारियों के निर्देश जारी किए गए हैं।
- आगरमालवा में नेहरू युवा केंद्र द्वारा सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में आयोजित हुई विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- झाबुआ में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय थांदला में लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ट्रैफिक पुलिस ने बच्चों को ट्रैफिक रूल्स के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

---